प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 35 और राष्ट्रीय जनता दल ने छह उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट और विधानसभा अध्यक्ष नाला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।
3. राष्ट्रीय जनता दल ने इस बार हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल सत्यानंद भोक्ता को नहीं दिया टिकट, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार यादव हुसैनाबाद से लड़ेंगे चुनाव।
4. केंद्र सरकार ने धनबाद, बोकारो, गिरिडीह और हजारीबाग समेत छह जिलों में 19 नए निजी एफएम रेडियो चैनल खोलने का लिया फैसला।
5. मौसम विभाग ने ओडिशा में आने वाले चक्रवात डाना के कारण रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई जिलों में आज से 25 अक्टूबर तक तेज हवा के साथ बारिश की जताई संभावना

*****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा–जेएमएम और राष्ट्रीय जनता दल–आरजेडी ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 35 और राष्ट्रीय जनता दल ने 6 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन बरहेट सीट से चुनाव लड़ेंगे जबकि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को नाला निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया गया है। कल्पना सोरेन गांडेय सीट से चुनाव लड़ेंगी। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रमुख संजय कुमार सिंह यादव को हुसैनाबाद निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया गया है। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान देवघर सीट से चुनाव लड़ेंगे। हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल के मंत्री सत्यानंद भोक्ता को इस बार टिकट नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल ने चतरा निर्वाचन क्षेत्र से श्री सत्यानंद भोक्ता की बहु को टिकट दिया है। इंडिया गठबंधन के सीट बंटवारा फॉर्मूले में 70 सीटें झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को दी गई हैं जबकि 11 सीटें राष्ट्रीय जनता दल और मार्क्सवादी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को दी गई हैं। कांग्रेस ने 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। कम्युनिस्ट पार्टी माले ने अभी तक आधिकारिक तौर पर अपने उम्मीदवारों के नाम की सूची जारी नहीं की है। झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में आयोजित कराए जा रहे हैं। पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को जबकि दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

*****************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने पार्टी पदाधिकारियों को नाराज नेताओं से मिलने के निर्देश दिए हैं। श्री संतोष ने रांची में पार्टी की बैठक के दौरान कहा कि नाराज नेताओं की बातों को सुनकर उन्हें रोकने की कोशिश होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कई नेता पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में जा चुके हैं, जिससे आम लोगों में गलत सन्देश गया है।

*****************

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी चाहती है कि झारखंड आगे बढ़े और यहां के लोग तरक्की करें। उन्होंने कहा कि झारखंड पर सबसे अधिक शासन करने वाले लोगों ने ही राज्य का अहित किया है।

इधर, असम के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड चुनाव सह–प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि इस बार बहुत अच्छे उम्मीदवारों की लिस्ट जारी हुई है। उन्होंने कहा कि इस बार उनकी पार्टी में अधिक असंतोष नहीं है। श्री सरमा ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर भी तंज कसा।

*****************

गिरिडीह जिले के नक्सल प्रभावित 14 बूथों पर सुबह सात बजे से चार बजे तक मतदान होगा, जबकि अन्य इलाकों में पांच बजे तक आम लोग वोट डाल सकेंगे। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने आम लोगों से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की है।

******************

राज्य के छह जिलों में 19 नए निजी एफएम रेडियो चैनल खुलेंगे। इसके तहत धनबाद में चार और बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू तथा देवघर में तीन–तीन एफएम चैनल खोले जाएंगे। इ–ऑक्शन के जरिए इन स्टेशनों को चालू किया जाएगा। इ–ऑक्शन की शुरुआत 14 अक्टूबर से हो चुकी है।

******************

जामताड़ा जिले के मिहिजाम नगर पर्षद अंतर्गत हांसीपहाड़ी– स्नेहपुर के कुष्ठ पीड़ित मतदाता इस बार विधानसभा चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

******************

रांची–पटना मुख्य मार्ग पर ओरमांझी टोल प्लाजा के पास पुलिस ने 45 लाख रुपये की चांदी से बनी सामग्री जब्त की है। पुलिस ने बताया कि ये सामान एक वाहन में रखे हुए थे।

******************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में आज से चक्रवात डाना का असर दिख सकता है। मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि ओडिशा में आने वाले इस चक्रवात के कारण रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से 25 अक्टूबर तक तेज हवा के साथ भारी बारिश होने की संभावना है, जिसे लेकर ऑरेंज और येल्लो अलर्ट जारी किया गया है।

तूफान के कारण रेलवे ने नयी दिल्ली – भुवनेश्वर राजधानी वाया मूरी, हटिया–पूरी तपस्विनी, भुवनेश्वर–धनबाद गरीब रथ एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनों को आज से परसों तक के लिए रद्द कर दिया है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

प्रभात खबर ने लिखा है  प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में होगी भारतीय जनता पार्टी के प्रचार अभियान की कमान।

दैनिक जागरण ने हजारीबाग जिले के बरही स्थित ढाबा संचालक के घर से अफीम तस्करी के एक करोड़ सात लाख रुपये बरामद होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया ळें

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर लिखा है – छह साल बाद भी नियुक्ति नहीं, राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति और रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय में हुए पेश, अदालत ने मांगी रिक्त पदों की सूची।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – डाना तूफान को लेकर आज और कल रद्द रहेगी 135 ट्रेनें।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा है छतरपुर के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने थामा कांग्रेस का दामन।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया ने पेपर लीक मामले में राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को उच्च न्यायालय द्वारा जारी की गई नोटिस की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

******************